दिल्ली-अम्बाला सेक्शन पर ट्रैफिक ब्लॉक के कारण
'ट्रेन हैंडलिंग प्लान'

आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा दिल्ली-अम्बाला सेक्शन के मोहरी स्टेशन पर नये फुटओवर ब्रिज के गर्डर संस्थापित किये जायेंगे। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक 19.07.2024 को 03:10 बजे से 06:10 बजे तक (3 घंटे) की अवधि के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगी:-

रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम	तिथि(याँ) आरंभिक स्टेशन से
04139 कुरुक्षेत्र जं.–अम्बाला जं. मेमू विशेष	18.07.2024
04140 अम्बाला जं.–कुरुक्षेत्र जं. मेमू विशेष	19.07.2024

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम	परिवर्तित मार्ग	तिथि(याँ) (प्रारंभिक स्टेशन से)
11906 होशियार पुर–आगरा कैंट एक्सप्रेस	लुधियाना जं.–धुरी–जाखल जं.–नई दिल्ली	18.07.2024
12446 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–नई दिल्ली एक्सप्रेस		18.07.2024

रेलगाड़ियों का पुनर्निर्धारण

रेलगाड़ी संख्या 12426 जम्मू तवी–नई दिल्ली एक्सप्रेस दिनांक 18.07.2024 को जम्मू तवी से (150 मिनट विलम्ब) से 23:55 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ियों का विनियमन

रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम	विनियमन की अवधि	तिथि(याँ) आरंभिक स्टेशन से
04076 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–नई दिल्ली एक्स. विशेष	अम्बाला मंडल में 35 मिनट	18.07.2024
19411 साबरमती–दौलतपुर चौक एक्सप्रेस	ढोला माजरा पर 20 मिनट	18.07.2024

नोटः विशेष अथवा विलम्ब से चलने वाली रेलगाड़ियों को तद्नुसार रोक कर चलाई जायेंगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा – हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2144/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ